**निरीक्षण** | मंडला, नैनपुर में रेल सुविधाओं का किया निरीक्षण, जनप्रतिनिधियों और रेलकर्मियों की सुनी समस्याएं

# अचानक हुई बारिश ने मंडला फोर्ट की खोली पोल, टपकने लगा पानी







**नैनपुर 15 सितंबर नभाप्र.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने नैनपुर रेलवे स्टेशन और मंडला फोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की।

महाप्रबंधक के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और अपनी मांगें रखीं। इस दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों ने नैनपुर में पिटलाइन और एक ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। महाप्रबंधक ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और रेलवे के विकास कार्यों के लिए समर्थन व्यक्त किया। महाप्रबंधक ने नैनपुर और मंडला स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जिसमें ऑनलाइन टिकट बुकिंग, ट्रेनों की समय-सारिणी और प्रतीक्षालय और शौचालयों जैसी सुविधाएं भी निरीक्षण किया।

जानकारी अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नैनपुर रेलवे स्टेशन और मंडला फोर्ट में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा किया गया। योजना के तहत स्टेशन पर 22 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें प्लेटफॉर्म का उन्नयन, गुड्स शेड का निर्माण और स्टेशन का सौंदर्यीकरण शामिल है। महाप्रबंधक ने बताया कि अधिकतर काम पूरे हो चुके हैं और शेष बचा हुआ कार्य आगामी तीन माह में पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए नए वेटिंग रूम और शौचालयों का भी निर्माण किया गया है। मंडला फोर्ट स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अचानक हुई बारिश ने मंडला स्टेशन की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। स्टेशन में जगह-जगह पानी टपक रहा था और परिसर में पानी फैल गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य के निर्देश दिए।

### रेलकर्मी के परिजनों ने महाप्रबंधक को बताई अपनी व्यथा

निरीक्षण के दौरान नैनपुर रेलकर्मियों के परिजनों ने महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के सामने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। उन्होंने बताया कि नैनपुर और नागपुर डिविजन के अधिकारी बार-बार शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। परिजनों ने महाप्रबंधक को सीधे उन वार्डों में ले जाकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जो रेलवे की सीमा में आते हैं। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में पीने के पानी की गंभीर समस्या है और खुले सेप्टिक टैंक दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। महाप्रबंधक ने स्वयं जाकर देखा कि किस तरह से रेलकर्मी और उनके परिवार दयनीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने देखा कि कई घरों की हालत जर्जर है और खुले सेप्टिक टैंकों से बदबू आ रही है। परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए महाप्रबंधक ने तत्काल आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए।



# मां के रूप को आकार दे रहे कलाकार

- पंडालों को दे रहे अकर्षक रूप
- जिले भर में विराजेगी माँ जगत जननी अम्बे
- नवरात्रि की तैयारी में जुटे भक्त



**मंडला 15 सितंबर नभाप्र.** शारदीय नवरात्र की शुरुआत 22 सितंबर से हो रही है। जिसे लेकर सिद्ध पीठ, देवी मंदिरों से लेकर घरों में माँ की पूजा, आराधना की तैयारी में भक्त जुट गए है। इसी के साथ दुर्गा प्रतिमाओं को बना रहे जिले के कलाकार भी माँ को जीवंत स्वरूप देने में जी जान से जुटे है। दुर्गोत्सव प्रारंभ होने में अब शेष एक सप्ताह रह गए है। शहर में अधिकांश मूर्तियां सिंहवाहिनी वार्ड, सराफा बाजार, महाराजपुर संगम मार्ग समेत अन्य क्षेत्र में बनाई जा रही हैं। मूर्तिकार फिलहाल माँ की प्रतिमा को आकार दे चुके है। प्रतिमाएं माँ के स्वरूप में ढल चुकी है, अब मूर्तियों को सूखने का कार्य किया जा रहा है। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भव्य रूप देने में जुटे हैं। मूर्तिकार लक्ष्मीनारायण ने बताया कि माँ के रूप को जीवंत आकार देने का प्रयास कर रहे है। जिससे लोग इनकी बनाई गई प्रतिमा की ओर आकर्षित हो। मूर्तिकार लक्ष्मीनारायण ने बताया कि उनके यहां वर्षों से मूर्ति बनाने की परंपरा चली आ रही है। जिसका वह पूर्ण उत्साह और लगन के साथ निर्वाहन कर रहे है।

जानकारी अनुसार मूर्तिकारों के सामने मिट्टी और बांस का संकट बरकरार है। पिछले लगभग 50 वर्षो से मूर्तियां बनाने वाले शहर के मूर्तिकारों ने बताया कि इन प्रतिमाओं को बनाने के लिए खीसा मिट्टी का उपयोग किया जाता है। चार स्थानो की मिट्टी के लिए मूर्तिकारो को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। मूर्तिकारों ने बताया कि सभी जगह से मिट्टी लाये जाने के पहले वहां इसका विधि-विधान से पूजन पाठ किया जाता है। यह मिट्टी बंजर नदी के किनारे के ग्राम ठरका और सिलगी में पाई जाती है लेकिन ईंट भट्टे वालों की वजह से मिट्टी मुश्किल से मिल पाती है। मूर्तिकारों ने बताया कि उन्हें मूर्तियों के लिए बांस की कमी से भी जूझना पड़ता है।

### जमकर चल रही तैयारी

नवरात्र की तैयारियों में ग्रामीण क्षेत्रों के देवी भक्त भी जुटे हुए है। पंडालो का काम अंतिम चरण में चल रहा है। अंतिम तैयारियों को लेकर बैठको का दौर भी आयोजित किए जा रहे है। स्थापित की जाने वाली प्रतिमाओं को मूर्तिकार द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। ग्राम में नवरात्र पर्व को लेकर आकर्षक साज सजावट की जाने की तैयारी है। नवरात्र को लेकर ग्रामीणजनो में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### मूर्तियां सूखाने में आ रही परेशानी

मूर्तिकारों ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा को अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है। मूर्तियां सूखने के बाद ही कलर करने और साज सज्जा की तैयारी शुरू की जाएगी, लेकिन विगत दिनों से मौसम के मिजाज फिर बदल गए है। अचानक हो रही बारिश के कारण मूर्तिकारों द्वारा बनाई जा रही मूर्तियां सूख नहीं है। जिसके कारण मूर्तिकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मूर्तियां सूखाने के लिए कई प्रकार के उपाए इनके द्वारा किये जा रहे है। जिससे समय पर मूर्तियां सूख जाए और मूर्तियों को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू की जा सके।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर-मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 11 मरीज चिन्हित

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में सप्ताह में दो दिन आयोजित होगा नि :शुल्क नेत्र शिविर



**नारायणगंज 15 सितंबर नभाप्र.** आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में जरूरतमंद मरीजों को समय पर और बिना किसी खर्च के उच्च गुणवत्ता वाला इलाज देने के लिए राष्ट्रीय दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया जाता है। जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल के मार्गदर्शन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी अनुसार राष्ट्रीय दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर में 15 मरीजों की आँखों की जांच की गई, जिसमें से 11 मरीजों को मोतियाबिंद की समस्या के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में नेत्र परीक्षण का कार्य नेत्र चिकित्सा सहायक जयकरण चौधरी ने कुशलतापूर्वक किया। सभी 11 चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को जांच, परीक्षण के बाद 108 एम्बुलेंस की मदद से मंडला जिला अस्पताल भेजा गया। जहां जिला अस्पताल में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. तरूण अहिरवाल इन सभी मरीजों की मोतियाबिंद की सफल सर्जरी करेंगे।

### मरीजों को मिलेगा लाभ

बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में नेत्र रोगों को कम करने और दृष्टिहीनता की रोकथाम के लिए अब यह नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हर सप्ताह सोमवार और मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों तक पहुंचना और उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। नेत्र चिकित्सा सहायक जयकरण चौधरी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे इस नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ उठाएं और अपनी आंखों की जांच कराकर संभावित समस्याओं का समय रहते पता लगाएं।

# पुलिस ने चोरी की 4 मोटरसाइकिलें बरामद की, 2 गिरफ्तार

## अंतर्राज्यीय गिरोह का मंडला पुलिस ने किया पर्दाफाश



**मंडला 15 सितंबर नभाप्र.** मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नैनपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बम्हनी पुलिस ने चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान दुर्गेश कुमार डेहरिया 22 वर्ष और निलेश उर्फ भोलू यादव 19 वर्ष के रूप में हुई है। बताया गया कि यह कार्रवाई थाना बम्हनी में दर्ज एक मामले की विवेचना के दौरान की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदातों को स्वीकार कर लिया। उन्होंने बताया कि वे रात के समय मास्टर चाबी का उपयोग कर गलियों से मोटरसाइकिलों की चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई चारों मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.85 लाख रुपये है। जब्त की गई मोटरसाइकिलों में हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 20 एनपी 6765, हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 20 एनएम 8531, हीरो स्प्लेंडर प्लस एमपी 51 एमसी 4082 और हीरो स्प्लेंडर एमपी 51 एमई 1036 शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदौरिया, उपनिरीक्षक मानिक पटले, सहायक उपनिरीक्षक झनकार सिंह मर्सकोले, आरक्षक शिवराम बघेल, उमराव, महिला आरक्षक जयश्री और चालक नवीन की सराहनीय भूमिका रही।

# सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण शुरू

## घुघरी के आदिवासी सामुदायिक भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




**घुघरी 15 सितंबर नभाप्र.** मप्र शासन के जनजाति कार्य विभाग के निर्देशानुसार घुघरी विकासखंड आदिवासी सामुदायिक भवन में आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। प्रशिक्षण का संचालन विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया।

इस प्रशिक्षण में छह प्रमुख विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें शिक्षा विभाग से राजकुमार ठाकुर, खंड पंचायत अधिकारी वसंत राव मरावी, वन विभाग से घनश्याम सैयाम, स्वास्थ्य विभाग से इंदिरा बैरागी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से नीलम पटेल और महिला एवं बाल विकास विभाग से रजनी परस्ते शामिल रहीं। इनके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों के सचिवों ने भी प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। मास्टर ट्रेनर्स ने सभी प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय पर गहन जानकारी दी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य था कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सीधे आम जनता तक पहुंचे। इसके लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम क्लस्टर आधारित है, जिसमें बनिया, उमरिया और ढेंको क्लस्टरों में पहले ही प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। आयोजित प्रशिक्षण सत्र पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगी। जिससे सभी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल सके।

# जिले में होगा सुरक्षा कर्मियों का भर्ती शिविर

**मंडला 15 सितंबर नभाप्र.** भारतीय सुरक्षा परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत स्थाई रोजगार देने के लिए कमाण्डेंट एसआईएस प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर लगाए जाएंगे। यह भर्ती शिविर कक्षा दसवी एवं बारहवी पास, ग्रेजुएट, 19 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। अभ्यर्थी को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर आना होगा। भर्ती शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक होगा।

# मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग फाइनल आज

- नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब और नर्मदा वैली खेलेगी फाइनल मुकाबला
- खिताबी मुकाबला में सांसद फग्गन सिंह होंगे मुख्य अतिथि



**मंडला 15 सितंबर नभाप्र.** स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का फाइनल रोमांचक मुकाबला आज मंगलवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब मंडला और नर्मदा वैली मोहगांव के बीच खेला जाएगा। सोमवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मैचों में जीत हासिल कर इन दोनों टीमों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। पहले सेमीफाइनल में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब का मुकाबला खैरी स्टार से हुआ। इस मैच में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खैरी स्टार को 3-1 से हराया। नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से प्रथम चोसके ने दो गोल और अमित ने एक गोल दागा, जबकि खैरी स्टार की तरफ से एकमात्र गोल हिमांशु ने किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच नर्मदा वैली मोहगांव और झंडा टोला के बीच खेला गया। इस करीबी मुकाबले में नर्मदा वैली मोहगांव ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। नर्मदा वैली की ओर से नागेश्वर और रोहित ने एक-एक गोल किया, वहीं झंडा टोला की तरफ से अखिलेश ही एक गोल करने में सफल रहे।

# तीन की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संभाला मोर्चा

## घुघरी के सिमरिया में दूषित पानी की आशंका, स्वास्थ्य टीम कर रही जांच, परीक्षण



नव भारत फालोअप

**घुघरी 15 सितंबर नभाप्र.** घुघरी के ग्राम सिमरिया में डायरिया की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में अपना डेरा डाल दिया है। स्वास्थ्य टीम गांव में लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है। गांव में जांच और उपचार कार्य शुरू कर दिया है। जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. वाईके झारिया और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज राज के नेतृत्व में रैपिड रिस्पांस टीम और कॉम्बैट टीम ने गांव का दौरा किया। बताया गया कि टीम ने उन परिवारों से संपर्क कर जानकारी जुटाई, जहाँ हाल ही में मृत्यु हुई हैं। शुरुआती जांच में यह पाया गया कि 8 सितंबर को आदित्य 18 माह की मृत्यु झाड़ियों में खेलने के बाद झटके आने से हुई थी, उसे उल्टी या दस्त की शिकायत नहीं थी। वहीं 13 सितंबर को देव सिंह केराम पुत्र बल्कू सिंह की मृत्यु किडनी संबंधी बीमारी के कारण हुई, जिसका इलाज वे हेल्थ केयर हॉस्पिटल में करा रहे थे। डॉक्टरों द्वारा जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किए जाने के बाद परिवारजनों ने उन्हें नहीं ले जाया। अन्य दो मौतों की जांच अभी जारी है। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में यह भी सामने आया है कि पीड़ित परिवार एक ही कुएं का पानी पीते थे, जिसका क्लोरीनेशन सात दिन पहले किया गया था। इस जानकारी के बाद सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम सिमरिया और आसपास के गांवों में जल शुद्धिकरण और क्लोरीनेशन का काम तेज कर दिया है।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्काल उपचार और मरीजों को रेफर करने के लिए दो एंबुलेंस गांव में तैनात की गई हैं। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का दल, मोबाइल मेडिकल यूनिट, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर और एएनएम को घर-घर जाकर सर्वे करने और उपचार देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही गांव में पांच दिनों के लिए एक अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगाया है, जहाँ स्वास्थ्य कर्मी स्थिति सामान्य होने तक डटे रहेंगे। आसपास के क्षेत्रों से भी आशा और एएनएम को अतिरिक्त सहयोग के लिए बुलाया गया है।

**बैठक** | आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगनी की समीक्षा बैठक आयोजित

# संचालित योजनाओं की समीक्षा, स्वास्थ्य शिविर के लिए दिया प्रशिक्षण



**मंडला 15 सितंबर नभाप्र.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगनी की बैठक सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बीसीएम शैलेन्द्र सिंह ने उपस्थित आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगनी से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। बैठक में मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, गैर-संचारी रोग, सिकल सेल, आयुष्मान कार्ड, और राष्ट्रीय कृमि दिवस जैसे प्रमुख अभियानों पर गहन चर्चा की गई। बीसीएम शैलेन्द्र सिंह ने इन सभी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यकर्ताओं को इन अभियानों को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और प्रशिक्षण दिया। उन्हें प्रचार सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे वे इन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचा सकें।समीक्षा बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की जानकारी विस्तार से बताई। बीसीएम शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ जिला स्तर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान केंद्रों और आरोग्य मंदिरों पर एक साथ किया जाएगा। यह अभियान 2 अक्टूबर तक जिले सभी केंद्रों पर निरंतर चलेगा। अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना और किशोरियों में एनीमिया और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी इस अभियान का हिस्सा है। बीसीएम शैलेन्द्र सिंह ने समीक्षा बैठक में उपस्थित आश कार्यकर्ता और सहयोगनियों से कहां कि शिविर के दौरान सभी महिलाओं को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में पूरी जानकारी दी जाए और उन्हें सही इलाज मिले। शिविर में की गई सभी जांचों के परिणाम तुरंत महिलाओं को दिए जाएंगे।

### स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान में होगी सभी जांचे

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की यह महत्वपूर्ण पहल है। इसके अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के दौरान महिलाओं में हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, टीबी, एनीमिया और सिकल सेल की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके साथ ही एएनसी जांच, ब्लड शुगर की जांच, टीकाकरण, पोषण संबंधी सलाह और आयुष्मान कार्ड व वयवंदना कार्ड बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

### 23 सितंबर को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

बैठक में राष्ट्रीय कृमि दिवस के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाएगा। उन्हें बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य 1 से 19 साल तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना है, जिसके लिए स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नि :शुल्क कृमिनाशक एल्बेंडाजोल दवा दी जाती है। सभी आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे इस दिन बच्चों को कृमिनाशक दवाएं खिलाना सुनिश्चित करें और जो बच्चे इस दिन छूट जाते हैं, उन्हें 25 सितंबर को माप-अप राउंड के तहत दवाएं खिलाने के निर्देश दिए गए।

